हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

जबलपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

login : www.haribhoomi.com



# मौत का सौदा करने वाले मर्सी अस्पताल पर जड़ा ताला

## कार्रवाई स्वागत योग्य, लेकिन यह सिर्फ शुरूआत, शहर में दर्जनों है अवैध अस्पताल जो नियमों के विरूद्ध चल रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने खजरी रोड स्थित मर्सी हॉस्पिटल (अम्मा अस्पताल) का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह कार्रवाई 25 वर्षीय मरीज स्वर्गीय साक्षी शर्मा के उपचार में गंभीर लापरवाही की शिकायत की जांच के बाद की गई है। इस मामले ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार साक्षी शर्मा के परिजनों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल और स्वास्थ्य विभाग को ई-मेल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने दो सदस्यीय जांच दल गठित किया, जिसमें जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. धीरज दवंडे और जिला चिकित्सालय की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता पाठक को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए, उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी।

जांच प्रतिवेदन के मुताबिक साक्षी शर्मा गर्भावस्था के दौरान हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित थीं और 8 दिसंबर 2025 से उपचार ले रही थीं। उनकी अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में पॉलीहाइड्रामिनियोस की स्थिति पाई गई थी, जो एक गंभीर चिकित्सा स्थिति मानी जाती है। 15 दिसंबर को उनका ब्लड प्रेशर अत्यधिक बढ़ गया, भ्रूण की हलचल कम हो गई और लीकिंग की स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी, जिससे यह मामला पूरी तरह हाई रिस्क श्रेणी में आ गया था। इसके बावजूद अस्पताल में आवश्यक सतर्कता और विशेषज्ञ निगरानी नहीं बरती गई।

### नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहा अस्पताल

17 दिसंबर की रात मरीज की हालत बिगड़ने पर इमरजेंसी सीजेरियन ऑपरेशन किया गया, जिसमें बच्चे का जन्म हुआ। ऑपरेशन के बाद डॉक्टर द्वारा ब्लड चढ़ाने की सलाह दी गई, लेकिन अस्पताल में आवश्यक संसाधनों और व्यवस्था का अभाव साफ नजर आया। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि अस्पताल में मरीज की निगरानी के लिए कोई भी रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर या इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर मौजूद नहीं था और पूरा इलाज नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहा था। यह स्थिति सीधे तौर पर मरीज की जान से खिलवाड़ करने जैसी मानी जा रही है।

### आईसीयू में नहीं है आवश्यक सुविधाएं

जांच में यह भी पाया गया कि अस्पताल में ICU जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं थी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी कमी थी। तड़के करीब 5 बजे जब मरीज की हालत और बिगड़ी, तब एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को बुलाया गया और बाद में मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से अस्पताल प्रबंधन की ओर से इलाज और व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां पाई गईं, जो मध्यप्रदेश उपचर्यागृह एवं रुजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम 1973 एवं संशोधित नियम 2021 का सीधा उल्लंघन हैं।

### मरीजों की भर्ती पर लगी रोक

स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नए मरीजों की भर्ती पर रोक लगा दी गई है और वर्तमान में भर्ती मरीजों को तीन दिनों के भीतर अन्य अस्पतालों या जिला चिकित्सालय में शिफ्ट करने के आदेश दिए गए हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालित पाया गया, तो सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज है शिकायत

इस कार्रवाई के बीच एक बड़ा सवाल भी खड़ा हो गया है। शहर में कई ऐसे अस्पताल और पैथोलॉजी लैब संचालित हो रहे हैं, जिनकी वैधता और संसाधनों पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। खास बात यह है कि बच्चों के अस्पताल मलिक नर्सिंग होम के खिलाफ 22 जून 2025 से सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज है, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे यह संदेह और गहरा होता है कि कहीं कार्रवाई चयनात्मक तो नहीं की जा रही।

### लंबित शिकायतों की हो निष्पक्ष जांच

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग इसी तरह सख्ती दिखाए और सभी लंबित शिकायतों की निष्पक्ष जांच करे, तो शहर में चल रहे फर्जी अस्पतालों और अवैध पैथोलॉजी लैब पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। साक्षी शर्मा की मौत ने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है और अब आमजन यह जानना चाहते हैं कि क्या यह कार्रवाई एक व्यापक अभियान की शुरुआत है या फिर केवल एक मामले तक सीमित रह जाएगी। फिलहाल मर्सी हॉस्पिटल पर हुई कार्रवाई ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। अब देखना यह है कि क्या विभाग पूरे शहर में फैले ऐसे अन्य संस्थानों पर भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई करता है या नहीं, क्योंकि सवाल सिर्फ एक अस्पताल का नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विश्वसनीयता का है।

## धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान प्रकट उत्सव, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री हनुमान प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर धार्मिक स्थल एवं प्रसिद्ध श्री हनुमान जी के मंदिरो मे सुबह से देर रात्रि तक विभिन्न कार्यक्रम चलते रहे पूजन पाठ हनुमान चालिसा का पाठ, चोला अर्पण, रामकीर्तन, हवन पूजन आरती भण्डारा प्रसादी का क्रम चलता रहा जहां भारी संख्या में भक्त श्रद्धालु जन सामिल होकर कार्यक्रम होकर पूण्यलाभ अर्जित किया। झिरीघाट के हनुमान मंदिर में भक्त श्रद्धालु एंव मंदिर समिति के द्वारा भव्य श्री हनुमान जी प्रकट उत्सव धूम धाम से मनाया गया उक्त अवसर पर हवन पूजन, आरती के पश्चात भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम भी किया गया जहां भारी संख्या में भक्त श्रद्धालओं की भीड उमड पडी इसी तरह दमुआ सहित आसपास के हनुमान मंदिर , माईनस , हनुमान टेकडी हनुमान दफाई, हमारे हनुमान मंदिर तीन पुलिया सहित अन्य मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा और दमुआ नगर शहर में श्रीराम एवं हनुमान जी की भव्य शोभा यात्री निकाली गई जो शहर सहित आसपास के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए हमारे हनुमान मंदिर तीन पुलिया पहुंची जहां पूजन अनुष्ठान करने के पश्चात समस्त भक्त श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी भी ग्रहण कर पूण्यलाभ अर्जित किया।

## स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने बैठक में दिए सख्त निर्देश

छिंदवाड़ा। कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत नगर निगम छिंदवाड़ा की टीम के साथ आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्देशित किया गया कि स्वच्छ भारत मिशन 2025–26 की दृष्टि से आयुक्त नगर निगम द्वारा नियमित साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। शहर में दर्शनीय स्वच्छता (Visible Cleanliness) की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी पी आई यू आदित्य वर्मा को सौंपी गई। स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी, आदित्य वर्मा एवं नोडल अधिकारी अभिनव कुमार तिवारी की संयुक्त टीम गठित कर शहर की समग्र स्वच्छता व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

## सुहावने मौसम में घटलिंगा में दो होम स्टे का शुभारंभ

### पर्यटन को नए आयाम देगा घटलिंगा ग्राम : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले का ग्राम घटलिंगा, जो चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां मौजूद वॉटरफॉल, घने जंगल और पहाड़ इस क्षेत्र को विशेष बनाते हैं। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कहा कि घटलिंगा गांव छिंदवाड़ा के पर्यटन को नया आयाम देगा और यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से एकजुट होकर पर्यटन को बढ़ावा देने का आह्वान किया, जिससे गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।

कलेक्टर श्री नारायन ने होम स्टे संचालकों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि घटलिंगा की पहचान देश-विदेश तक बन सके। यह विचार उन्होंने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित पर्यटन ग्राम घटलिंगा में होम स्टे के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार, डीएटीसीसी के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, परार्थ समिति से मंजरी चांदे, मो. सगीर, जनपद उपयंत्री रामवती कैथवास सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पातालकोट क्षेत्र के ग्राम घटलिंगा को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां कुल 6 होम स्टे बनाए जाने हैं, जिनमें से 2 का लोकार्पण शनिवार को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा किया गया। कलेक्टर ने होम स्टे संचालकों से संवाद कर उन्हें पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और कुशलतापूर्वक संचालन के सुझाव दिए, साथ ही शेष होम स्टे जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए।

## प्लास्टिक उपयोग पर सख्ती: नगर निगम की टीम ने बाजारों में चलाया निरीक्षण अभियान



छिंदवाड़ा। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से आज शहर के प्रमुख बाजारों में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान फव्वारा चौक, मिर्ची बाजार, गल्ला बाजार, गोलगंज, संतरा मार्केट और बुधवारी बाजार क्षेत्र की दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री और पॉलीथीन का उपयोग एवं बिक्री होते हुए पाया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही दुकानदारों को समझाइश दी और उन्हें नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। टीम ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग या बिक्री करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना है। नगर निगम द्वारा आगे भी इस तरह के निरीक्षण अभियान लगातार जारी रखने की बात कही गई है, ताकि प्लास्टिक प्रतिबंध के नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## हाईकोर्ट के फैसले के बाद विद्युत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया तेज



छिंदवाड़ा। माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद विद्युत विभाग के संविदा अधिकारी एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लाइज द्वारा दायर रिट याचिका पर आए फैसले के बाद छिंदवाड़ा में संविदा कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इसी क्रम में यूनाइटेड फोरम कार्यालय छिंदवाड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संविदा अधिकारी-कर्मचारियों को नियमितीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बैठक में बताया गया कि न्यायालय के निर्देशानुसार सभी संविदा कर्मचारियों को अपना व्यक्तिगत अभ्यावेदन प्रबंध संचालक कार्यालय जबलपुर में 6 अप्रैल 2026 तक प्रस्तुत करना होगा।बैठक में प्रांतीय सचिव प्रभु नारायण नेमा, जिला संयोजक आर.के. सोनी, जिला अध्यक्ष के.एस. राजपूत, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने का आग्रह किया, ताकि नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके।

## सर्राफा व्यवसायी लूट कांड का किया खुलासा, फरार चार आरोपी गिरफ्तार

### 5.25 लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद, पुलिस की सघन कार्रवाई सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



थाना देहात पुलिस ने गांगीवाडा के सराफा व्यवसायी से हुई लूट के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 25 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 26 जनवरी को गांगीवाडा निवासी 70 वर्षीय सराफा व्यवसायी ओमचंद सोनी से अज्ञात बदमाशों ने सोना-चांदी से भरा बैग लूट लिया था। मामले में थाना देहात में अपराध क्रमांक 50/26 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पूर्व में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अन्य आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे।थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास करते हुए फरार आरोपियों—शेखर उर्फ केकू उर्फ मोंटू (22), राकेश चौरे (23), सैफुल (20) एवं शिवम उर्फ छोटू (28), सभी निवासी चांदामेटा—को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास से लूट का मशरुका सोने-चांदी के जेवर, जिसकी कुल कीमत 5.25 लाख रुपये है, बरामद किया गया।बरामद सामान में सोने की अंगूठियां, मंगलसूत्र, पेंडल, लोंग, हाय, दाने, फूल तथा चांदी की बिछिया, पायल, चूड़ा, पेंच एवं चैन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी शेखर उर्फ केकू के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में चोरी और अन्य अपराधों के कई मामले दर्ज हैं।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जी.एस. राजपूत, उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी, सहायक उप निरीक्षक संदीप राजपूत, नितेश ठाकुर सहित थाना देहात स्टाफ एवं साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एमएलबी में पुस्तक एवं गणवेश मेले का हुआ शुभारंभ

### महापौर श्री अहके द्वारा रिबन काटकर किया गया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन के मार्गदर्शन में पीएमश्री महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री विक्रम अहके द्वारा रिबन काटकर किया गया।

आयोजन के दौरान एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल, सहायक संचालक श्री पी.एल. मेश्राम, श्री डी.पी. डेहरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अशरफ अली, शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मेले में प्रारंभ से ही विद्यार्थियों एवं पालकों की उत्साहजनक उपस्थिति देखने को मिली। उचित मूल्य पर छूट के साथ पुस्तकें, स्टेशनरी सामग्री एवं गणवेश उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने खरीददारी की। प्रथम दिवस में लगभग 1540 विद्यार्थियों एवं पालकों ने मेले का लाभ लिया तथा कुल लगभग 1 लाख 18 हजार रुपये का विक्रय हुआ। कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा भी मेले का भ्रमण किया गया।

इस दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने विक्रेताओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की। इस अवसर पर जिले द्वारा 'बुक बैंक' का नवाचार भी प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राएं एवं पालक अपनी पुरानी पुस्तकें जमा कर रहे हैं, जिन्हें जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह मेला 06 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## जीरो टिलेज से बढ़ी आमदनी, किसानों ने छोड़ी पराली जलाने की परंपरा



छिंदवाड़ा। जिले के परासिया विकासखंड के ग्राम जमानिया जेठू में खेती की तस्वीर तेजी से बदल रही है। कुछ समय पहले तक जहां फसल कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने का धुआं आम दृश्य था, वहीं अब किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनी आय में भी वृद्धि कर रहे हैं।यह सकारात्मक बदलाव बोरलॉग इंस्टिट्यूट फॉर साउथ एशिया (BISA) एवं मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त प्रयासों से संचालित जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के माध्यम से संभव हो सका है। यह कार्यक्रम प्रदेश के नौ जिलों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को बदलते जलवायु परिदृश्य के अनुरूप टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए प्रेरित करना है।इस कार्यक्रम का समग्र नेतृत्व BISA के प्रबंध निदेशक एवं प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक डॉ. बी.एम. प्रसन्ना द्वारा किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में वैज्ञानिकों की टीम गांवों में पहुंचकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही है।इसी क्रम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी सहायक श्री दीपेंद्र सिंह ने किसानों को जीरो टिलेज मशीन के माध्यम से बुवाई की उन्नत तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में बिना खेत की जुताई किए सीधे बुवाई की जाती है, जिससे समय, श्रम और लागत में उल्लेखनीय कमी आती है।प्रशिक्षण के दौरान किसानों को नरवाई (पराली) प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### आर्थिक संकट गहराया, कर्मचारियों ने सरकार से की शीघ्र भुगतान की मांग

## वेतन को तरसे मनरेगा कर्मचारी, सात माह से भुगतान न होने पर बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया


फाइल फोटो

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यरत अभियंता एवं अन्य कर्मचारियों को विगत सितंबर 2025 से अब तक वेतन का भुगतान नहीं होने से प्रदेशभर में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है।

जिला छिंदवाड़ा सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश के मनरेगा अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय से वेतन के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिल पाई है।लगभग सात माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। स्थिति यह है कि कई कर्मचारी अपने बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं, वहीं परिवार के भरण-पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित आय के अभाव में उनका जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।इसी बीच एक दुखद पहलू भी सामने आया है।

जनपद पंचायत चौरई, जिला छिंदवाड़ा में पदस्थ उपयंत्री राजकुमार सनोडिया एवं कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश डेहरिया का असमय निधन हो गया। सहकर्मियों का आरोप है कि आर्थिक तंगी और समय पर इलाज न मिल पाने के कारण उनकी स्थिति गंभीर हुई।

कर्मचारियों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है और वे इसे व्यवस्था की बड़ी विफलता मान रहे हैं।मनरेगा कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा उनसे लगातार कार्य तो लिया जा रहा है, लेकिन उनके वेतन भुगतान को लेकर उदासीनता बरती जा रही है।

यह विडंबना ही है कि रोजगार की गारंटी देने वाली इस महत्वपूर्ण योजना में कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी ही आर्थिक असुरक्षा से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अन्य योजनाओं, जैसे लाड़ली बहना योजना, के लिए संसाधन जुटा रही है, लेकिन मनरेगा कर्मचारियों और मजदूरों के भुगतान को प्राथमिकता नहीं दी जा रही।केवल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों को भी समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में सामग्री उपलब्ध कराने वाले आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान भी लंबित है, जिससे योजना की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मनरेगा अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, विभाग की अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी एवं मनरेगा कमिश्नर अवि प्रसाद को पत्र लिखकर शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे।फिलहाल, मनरेगा कर्मचारी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र वेतन भुगतान सुनिश्चित करेगी, ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सकें और योजना के कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकें।



## आठ सत्रों में संगठन, तकनीक और विचारधारा पर दिया गया प्रशिक्षण

# तामिया में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न, कार्यकर्ताओं को मिला व्यापक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया




भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत वर्ष 2026 का प्रशिक्षण वर्ग तामिया मंडल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण स्थानीय जनपद सामुदायिक मंगल भवन में आयोजित किया गया, जिसमें मंडल के सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को कुल आठ सत्रों में विभाजित किया गया, जिनमें सोशल मीडिया एवं एआई का प्रभावी उपयोग, नमो ऐप एवं संगठन ऐप का संचालन, बूथ प्रबंधन की रणनीति, भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां तथा जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। इन विषयों पर नर्मदापुरम से आए विधायक ठाकुर दास नागवंशी एवं वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव, मंडल प्रभारी नवजीत मोनू जैन एवं मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र राय, सुंदरलाल साहू, यशवंत कौरव, भूवन विश्वकर्मा, तुलसा परतेती, वीरेंद्र उपाध्याय, गोपाल साहू एवं मदन साहू ने की।सभी सत्रों के सफल संचालन के पश्चात कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

अंत में मंडल महामंत्री विनय साहू ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण वर्ग को कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी कौशल के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर विनोद अग्रवाल, विजय शिवहरे, निलेश डेहरिया, धर्मेंद्र वासनिक, ऋषभ सूर्यवंशी, रियाज खान, प्रभु साहू, अरविंद, अंशुल यदुवंशी, नरेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मोहोड़ ने की महाराष्ट्र मुख्यमंत्री से भेंट



**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा के जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने नागपुर प्रवास के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात को क्षेत्र के राजनीतिक गलियारे में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष श्री मोहोड़ ने मुख्यमंत्री श्री फडणवीस के साथ सौसर क्षेत्र के विकास और स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और सीमावर्ती क्षेत्रों के समन्वय से जुड़ी समस्याएं रहीं। इस अवसर पर श्री मोहोड़ के साथ सौसर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता भी प्रमुखता से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी नेताओं से आत्मीयता से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास कार्यों के संदर्भ में सकारात्मक रुख दिखाया।

## नन्हे मुन्नों से गुलजार हुआ खेल मैदान

### दो माह के प्रशिक्षण में 100 से अधिक बच्चे खेल मैदान की ओर आकर्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय परिसर में स्थित खेल मैदान में आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकैडमी द्वारा संचालित दो माह के समर स्पोर्ट्स कैंप में लगातार नन्हे मुन्ने बच्चों का रुझान बढ़ते जा रहा है जहां 50 बच्चों से प्रारंभ हुए इस कैंप की संख्या आज 100 के पार पहुंच चुकी है।

आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खिलाड़ी योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नन्हे मुन्ने बच्चों को मोबाइल छोड़ो मैदान से जोड़ो का संदेश देते हुए खेलों में बच्चों का सुनहरा भविष्य और उन्हें फिजिकल रूप से फिट रखना है। वर्तमान में पांच से लेकर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे इस शिविर में पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान बच्चों को कराते, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, थांगता, मार्शल आर्ट, योग व मेडिटेशन, दौड़, एथलेटिक्स, चित्रकला, वाद विवाद, टीम गेम्स सहित देशभक्ति के गुर सिखाए जाते हैं।

शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास अनुशासन टीमवर्क सहनशक्ति और सकारात्मक सोच का विकास करना है। बच्चों की आयु के अनुसार बालक एवं बालिका वर्ग में एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जा रही है जिसमें खिलाड़ियों को पहले बेसिक स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है फिर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्राप्त होगा।

## लोधीखेड़ा की बेटी दीपाली का चयन राष्ट्रीय क्रिकेट में चयन



**सौंसर।** नगर की प्रतिभावान खिलाड़ी कु. दीपाली गंगाधर गोखे ने अपनी खेल प्रतिभा के दम पर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। तेलंगाना बधिर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाले टी-20 राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मध्य प्रदेश की टीम में दीपाली का चयन किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट टूर्नामेंट 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर की चुनिंदा टीमें हिस्सा लेंगी, जहाँ दीपाली मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। सावनेर विद्यालय से शुरू हुआ सफरदीपाली सावनेर स्थित 'बधिर एवं मूक आवासीय विद्यालय' की पूर्व छात्रा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के आगे शारीरिक बाधाएं आड़े नहीं आतीं। उल्लेखनीय है कि दीपाली, लोधीखेड़ा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाधर गोखे की सुपुत्री हैं।दीपाली के चयन की खबर मिलते ही लोधीखेड़ा और सौसर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस सफलता पर कई गणमान्य नागरिकों और संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान विधायक विजय चौरे सहित कांग्रेस परिवार और विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए संगठनों की ओर से बालिका का स्वागत सत्कार किया गया।

## शासकीय प्रभावती मानेकर विद्यालय में प्रवेश उत्सव, पूर्व राज्य मंत्री नाना ने की तीन कमरों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



शनिवार को मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, शासकीय प्रभावती मानेकर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव 2026: भविष्य से भेंट कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विजय चौरे पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री मान. नाना मोहोड, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा थे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ किया।

शिक्षिका आराधना साहू ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय प्राचार्य लहु सरोदे ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आयोजन में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नन्हे छात्रों को तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर और उपहार भेंट कर विद्यालय परिवार में शामिल किया गया।कक्षा 6वीं और 9वीं के छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के सेट वितरित किए गए। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम रहे विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, जिनमें गायत्री राठौर,प्राची निमजे,माही वर्मा, वैष्णवी नेहारे तनुश्री पहाडे,भारत हेडाउ, प्रमुख रहे। शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड ने कहा कि उन्होंने विद्यालय के अनुशासन और संस्कारयुक्त शिक्षा की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि वे जल्द ही शासन से विद्यालय के लिए तीन अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराएंगे।विधायक विजय चौरे ने कहा कि यह विद्यालय अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए प्रसिद्ध है और यहाँ के छात्रों ने राज्य स्तर पर नगर का नाम रोशन किया है।

### श्रीराम मंदिर से विभिन्न आकर्षक झाकियों के साथ निकली शोभायात्रा

## जय जय श्रीराम व पवन पुत्र के जयकारों से गूंजा वारासिवनी नगर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



**हनुमान जयंती के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह भक्ति भाव में डूबा नजर आया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान हनुमान व प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में हनुमान व राम भक्त शामिल हुए। सुबह से ही नगर के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं हनुमान मंदिर में सुंदर कांड, हनुमान चालीसा और राम धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शाम को बड़ा श्रीराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झाकियां आकर्षण का केंद्र रही।**

बड़ा श्रीराम मंदिर से शोभा यात्रा निकलने के पहले राम भक्तों द्वारा प्रभु भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई। यह शोभायात्रा बड़ा श्रीराम मंदिर से निकलकर गोलीबारी चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में नवदुर्गा का रुप धरे हुए कलाकार, मॉ काली के अवतार में नृत्य करती हुई कलाकार, हनुमान वेशधरी कलाकार, गले में नरमुंडों की माला पहने हुए भगवान शिव, उज्जैन के डमरू वाले बाबा, राम दरबार, भोलेनाथ, पवन पुत्र हनुमान, भूत, प्रेत सहित विभिन्न प्रकार की झाकियां आकर्षण का केंद्र रही।

इस शोभायात्रा में वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, पूर्व पार्षद विवेक विक्की ऐडे, सुदेश गुड्डू सोनी, कल्लू सोहाने, अनिल पिपरेवार, विवेक जुझार, सुनील राणा, शैलेन्द्र सेठी, जगमोहन निराला, मिक्की रूसिया, कालू जेठवानी, प्रबल जायसवाल, जगदीश नेमा, चिंटू जैन, अमन पटेल सहित रामभक्त मौजूद रहे।

हनुमान जयंती के अलावा विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा नगर के दीनदयाल चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड हनुमान मंदिर समिति, श्वेतांबर जैन मंदिर के सामने, दिनेश बोकड़े की दुकान के सामने, पंचमुखी शिव मंदिर के सामने सहित विभिन्न स्थानों एवं मंदिरों में पानी, शरबत और भंडारे का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में आधा दर्जन से अधिक डी जे विभिन्न स्थानों से बुलाए गए थे। जो आकर्षण का केंद्र रहे।

हनुमान जयंती के अवसर पर श्रीराम मंदिर और शहर को आकर्षण रंग बिरंगी लाइटिंग व दीनदयाल चौक, फव्वारा चौक पर भगवा ध्वज से सजाया गया था। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो, इसके देखते हुए नगर के चौक चौराहे पर सुबह से ही पुलिस बल तैनात था।

### विद्यार्थियों ने शिक्षक से लेकर कलेक्टर बनने की जताई इच्छा

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विकासखंड कटंगी के अलग-अलग शासकीय स्कूलों में 'स्कूल चले हम' अभियान के तहत शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत नगर के सांदीपनी स्कूल में सेवानिवृत्त शिक्षक संजय वर्मा और शिक्षिका सुश्री सुनीता वर्मा के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन हुआ। प्रधान पाठक वाय.के.गढ़पाण्डे ने अध्यक्षता की। आमंत्रित अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व के बारे में बेहद विस्तार से जानकारी दी। सेवानिवृत्त शिक्षक संजय वर्मा ने बच्चों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा हासिल करने के बाद भविष्य में किन पदों पर जाना है क्या बनना है यह सवाल पूछे बच्चों ने शिक्षक से लेकर कलेक्टर, डाक्टर से लेकर किसान और वकील बनने की इच्छा जाहिर की। जब बच्चों से पूछा गया कि क्या वह एक राजनेता बनना चाहेंगे तो बच्चों की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। ऐसे में संजय वर्मा ने उन्हें बताया कि राजनेता बनकर भी देश की सेवा की जाती है। बच्चों ने बताया कि वह आखिरकार शिक्षक, चिकित्सक, किसान और कलेक्टर क्यों बनना चाहते है। एक बच्चे ने बेहद ही आसान से जवाब देते हुए कहा कि वह देश सेवा के लिए कलेक्टर बनना चाहता है। यह जवाब सुनते ही साथी छात्र-छात्राओं ने करतल ध्वनि से उसकी बातों का सम्मान किया। शिक्षक सुश्री सुनीता वर्मा ने प्राचीन से लेकर आधुनिक शिक्षा के बारे में बेहद ही सटीक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले गुरूकुल में शिक्षा अर्जित की जाती थी आज आधुनिक स्कूलों में शिक्षा मिल रही है। इस मौके पर कुमेन्द्र सहारे, अनिल डहरवाल, लिंजिता भगत, अनिल डहरवाल, अक्षेन्द्र पटले, वर्षा बड़मे, वैष्णवी सोनवाने, हेमलता राहंगडाले, गंगोत्री पटले, किरण पिछोड़े, हेमलता हनुमत, लीना चौधरी, मनीषा देशमुख, अमीषा ऐड़े, धनलाल टेम्भरे, मौसमी पटले उपस्थित रहे।

## आधी रात की प्रतिमा' पर ग्रामसभा का महापंचायत फैसला! लाड़सा में 325 बनाम 130 से गूंजा जनमत

### भारी पुलिस बल के बीच हुई निर्णायक बैठक, बहुमत ने कहा- हटाओ प्रतिमा, अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी नजरें



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले की लांजी जनपद की ग्राम लाड़सा के जयस्तंभ चौक पर आधी रात को हुई विवादित प्रतिमा स्थापना का मामला शनिवार 4 अप्रैल को निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया। बढ़ते तनाव और दो पक्षों के टकराव के बीच आयोजित विशेष ग्रामसभा में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी राय रखी। एसडीएम कमलचंद सिंहसार के निर्देश पर बुलाई गई इस अहम बैठक में गांव की तस्वीर साफ हो गई-बहुमत ने प्रतिमा हटाने के पक्ष में जोरदार समर्थन दिया।

ग्राम पंचायत द्वारा हर वार्ड में मुनादी कर ग्रामीणों को ग्रामसभा में शामिल होने का आह्वान किया गया था। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग पंचायत परिसर पहुंचे, जहां माहौल किसी महापंचायत से कम नहीं दिखा। गांव के हर वर्ग-युवा, बुजुर्ग और महिलाएं- इस विवाद पर अपनी राय देने पहुंचे। बता दे कि लाड़सा गांव के जयस्तंभ चौक पर आधी रात को बिना अनुमति स्थापित की गई रानी अवंतीबाई की प्रतिमा को लेकर गहमागहमी चरम पर रही।

स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए ग्रामसभा स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आया। दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने रहे, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। यह स्पष्ट था कि मामला सिर्फ एक प्रतिमा का नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक एकता और कानून व्यवस्था से जुड़ा हुआ है।ग्राम पंचायत सचिव रमेश लिल्हारे के अनुसार, ग्रामसभा में प्रतिमा हटाने के पक्ष में 325 ग्रामीणों का समर्थन मिला, जबकि प्रतिमा को यथास्थान बनाए रखने के पक्ष में केवल 130 लोग रहे। इस स्पष्ट बहुमत के बाद पंचायत ने प्रस्ताव तैयार कर जनपद सीईओ और एसडीएम लांजी को भेजने का निर्णय लिया है। अब अंतिम फैसला प्रशासनिक अनुशंसा और उच्च अधिकारियों के निर्देशो के आधार पर होगा।

## लांजी में शराब दुकान को लेकर सियासी संग्राम सड़क पर उतरे लोग, प्रशासन को खुली चेतावनी



### स्कूल-आंगनबाड़ी के पास दुकान खोलने के विरोध में उबाल, महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा बना बड़ा मुद्दा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 4 में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर विरोध अब आंदोलन का रूप ले चुका है। शनिवार को क्षेत्र में माहौल उस समय गरमा गया, जब बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और व्यापारी सड़कों पर उतर आए। विरोध जताते हुए रैली निकाली गई और विधायक राजकुमार कर्राहे व नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। इस दौरान पार्षद प्रेमलता संजय खोबरागड़े के नेतृत्व में लोगों ने जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद लीलाधर डोलस, भारत बडमें, देवेश ऐडे, सीताराम बडमें, माणिक पांचे, दिलीप जामरे, सब्जी मंडी अध्यक्ष कलाबाई, सब्जी मंडी उपाध्यक्ष यशोदा, रवि लांडे, अजय खरगाल, श्री सिंघाड़े, श्रीमती बिलगोर, जावेद भाई, सब्जी मंडी के अन्य व्यापारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण भी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिस स्थान पर शराब दुकान प्रस्तावित है, वह अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां आसपास शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और घनी आबादी मौजूद है। ऐसे में इस स्थान पर शराब दुकान खोलना न केवल अनुचित है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर सकता है। लोगों ने इसे गलत और खतरनाक निर्णय बताते हुए तत्काल निरस्तीकरण की मांग की।

विरोध कर रहे नागरिकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इस क्षेत्र में शराब दुकान संचालित होती है, तो महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। क्षेत्र में रोजाना छात्र-छात्राओं और महिलाओं का आवागमन रहता है, जिससे असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढने की आशंका जताई जा रही है। पार्षद ने इसे वार्ड की शांति और सौहार्द के लिए सीधा खतरा करार दिया।

## नवोदय विद्यालय हेतु चयनित बच्चों को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में चयनित बच्चों सम्राट/ महेंद्र मेश्राम ब्राइट कैरियर इंग्लिश स्कूल किरनापुर कु.मौली/ महेश कुमार बांसोड़ ,यश/ खुमेश नेवारे ,कु. आराध्या /सूरज लाल सोनवाने, रुद्र/ रविंद्र वाघे ईगल माउंटेन इंग्लिश स्कूल किरनापुर ,यश/ सत्येंद्र यादव को अजीत परिवार द्वारा गुलदस्ता एवं ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अपने गुरुजनों माता-पिता एवं विशेष रूप से अपने मार्गदर्शन एवं गुरु आशीष अजीत सर को दिया ।जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता अर्जित की है। बच्चों के पालकों ने भी इस शानदार कामयाबी के लिए आशीष अजीत सर को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इस आभार पर सेवानिवृत शिक्षक आचार्य खुमेश अजीत वाय आर रामटेके ,डॉ. प्रियंका अजीत ,महेश कुमार बंसोड़ ,सचिता बंसोड़, महेंद्र मेश्राम, प्रीति, छाया मेश्राम, श्रीमती मनीषा वैस ,श्रीमती विजेता नागदेवे खुमेश नेवारे, श्रीमती वायवंता नेवारे, सूरज लाल सोनवाने, सरोज सोनवाने, सत्येंद्र यादव, नवीन नागवंशी, कु. योगिता बैस , वीणा नागेश्वर, कंचन बाहे, विशेष रूप से उपस्थित थे। याद रहे पिछले वर्ष 2025 में तीन बच्चे नवोदय विद्यालय हेतु चयनित हुए थे इस वर्ष 2026 में 06 बच्चों ने सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता गुरु और क्षेत्र का नाम रोशन किया बच्चों की तैयारीयां अंग्रेजी माध्यम से कराई गई थी।

## खबर संक्षेप

### बावड़ी में की गई स्वच्छता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** (लखनादौन)मप्र शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लखनादौन विकासखंड में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा स्थानीय श्री हनुमान मंदिर के समीप स्थित प्राचीन बावड़ी में विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समाजकार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राएं,नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, विभागीय प्रतिनिधि गणों सहित क्षेत्रीय जन शामिल हुए एवं बावड़ी में इक_े हुए कचरे को एकत्र कर निपटान किया साथ ही सफाई करने के बाद,पेंटिंग करके परिसर को सुंदर करने प्रयास किया गया,कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं सहित परामर्शदातागण उपस्थित रहे,ज्ञात हो कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है जिसका वर्तमान में प्रथम चरण प्रारंभ है जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर विकासखंड में नियमित गतिविधियां संचालित की जा रही है।

### शिक्षकों को समयमान वेतनमान का लाभ, आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में विगत माह भोपाल में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राहुल उदय प्रताप सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। उक्त घोषणा को अमल में लाते हुए मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को, जिन्होंने 1 जुलाई 2023 या उसके बाद 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाएगा।

इस उपलब्धि को दिलाने में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर एवं उनकी प्रांतीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने लगातार मंत्रालय एवं लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय के स्तर पर प्रयास कर इस मांग को पूर्ण कराया।

इस निर्णय से प्रदेश के शिक्षकों को लगभग 3 हजार से 5 हजार रुपये तक का आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। सिवनी जिले के लाभान्वित शिक्षकों ने प्रांतीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### पंचायत इंस्पेक्टर आर एल डेहरिया की हुई धूमधाम से विदाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धनौरा जनपद पंचायत में 39 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे पंचायत सामान्यवयकाधिकारी आर एल डेहरिया 31 मार्च को सेवा निवृत हो गए आपको बता दे कि आर एल डेहरिया ने अपनी शुरुआत ग्राम पंचायत सचिव के रूप में की थी उन्होंने अपने कार्यकाल में हमेशा गरीब मजदूर वर्ग के लोगों के लिए शासन की योजनाओं का अनेकों लाभ दिलवाए प्रथम नियुक्ति ग्राम सहायक पंचायत, ग्रामीण विकास व सामाजिक न्याय विभाग. में 2008 में पंचायत पंचायत समन्वय अधिकारी में पदोन्नत 2015 में खंड पंचायत अधिकारी पद पर पदोन्नत हुए सेवा के जिले छिंदवाड़ा, राजगढ़, सिवनी, प्रशिक्षण, राज्य स्तर,बिलासपुर, आंध्रप्रदेश, भोपाल, वाल्मी भोपाल, जबलपुर, सिवनी एवं हर ट्रेनिंग में मास्टर ट्रैनर भी, बनाये गए सेवकाल 39 वर्ष 9 माह रहा 31 मार्च को सेवा निवृत हुए अनेक बार मुख्यकार्यपान अधिकारी प्रशासकीय प्रभार पर भी कार्य किया जनपद पंचायत घंसौर व धनोरा द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी और स्वस्थ व दीर्घायु की सभी ने शुभकामनायें दीं ।

# हॉस्टल से नदारत अधीक्षक, लखनादौन जनजाति कार्य विभाग के दफ्तर में जमाए बैठे, व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**हरिभूमि संवाददाता मुकेश साहू। जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन के अंतर्गत संचालित जनजाति कार्य विभाग के हॉस्टलों की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है।**

ताजा मामला बैग पिपरिया छात्रावास से जुड़ा है, जहां पदस्थ अधीक्षक अपनी मूल जिम्मेदारी से लगातार नदारत रहते हुए अधिकतर समय लखनादौन के बीईओ (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) कार्यालय में बिताते नजर आ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित हॉस्टल अधीक्षक प्रतिदिन सुबह करीब 12 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बीईओ कार्यालय में ही मौजूद रहते हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस छात्रावास की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है, वहां उनकी उपस्थिति बेहद कम बताई जा रही है। ऐसे में छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की देखरेख, अनुशासन, भोजन व्यवस्था और दैनिक संचालन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर गंभीर असर पड़ रहा है।




जानकारी के मुताबिक, उक्त अधीक्षक का मूल पदस्थापन बैग पिपरिया हॉस्टल में है और उनका प्रमुख दायित्व छात्रावास का संचालन एवं विद्यार्थियों की समुचित देखभाल करना है। बावजूद इसके, वे अपने दायित्वों से दूर रहकर कार्यालयीन गतिविधियों में संलग्न दिखाई देते हैं। यह भी आरोप है कि बीईओ कार्यालय में बैठकर वे अन्य हॉस्टलों के कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, जिससे पूरे ब्लॉक की हॉस्टल व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधीक्षक खुद को अधिकारियों के करीबी बताकर प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं और इसी वजह से उन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। वहीं, यह भी चर्चा है कि बीईओ कार्यालय में उनकी सक्रियता के चलते कई प्रशासनिक कार्य उन्हीं के माध्यम से संचालित होते हैं, जिससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अधीक्षक का पद और वेतन छात्रावास संचालन के लिए निर्धारित है, तो वे अपने मूल कार्यस्थल से अनुपस्थित रहकर कार्यालय में समय क्यों बिता रहे हैं? क्या संबंधित अधिकारियों को इस स्थिति की जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है?

शिक्षा विभाग के जानकारों का मानना है कि यदि किसी छात्रावास का अधीक्षक ही अपने कर्तव्यों से विमुख रहेगा, तो वहां रहने वाले विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होना तय है। छात्रावास केवल रहने की व्यवस्था नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र होता है, जहां अनुशासन, मार्गदर्शन और सुरक्षा की जिम्मेदारी अधीक्षक की होती है।

अब देखना यह होगा कि सिवनी जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और संबंधित अधीक्षक पर कब तक कार्रवाई होती है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह लापरवाही आगे चलकर बड़ी समस्या का रूप ले सकती है।

अगर लखनादौन कार्यालय के आसपास सीसीटीवी कैमरे की जांच कर ली जाए तो सब पता लग जाएगा की यह दिनभर यहां क्यों रहते हैं आखिर सभी कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं तो जनजाति परियोजना कार्यालय में क्यों नहीं।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी पाने वाली परियोजना अर्थशास्त्री बर्खास्त



जिला पंचायत सिवनी में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे 16 वर्षों से नौकरी कर रही एक महिला संविदा अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली शाह ने 31 मार्च को आदेश जारी करते हुए परियोजना अर्थशास्त्री (संविदा) वंदना मुड़िया की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। साथ ही इनके खिलाफ थाना-डूंडासिवनी में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करने पत्र लिखा गया है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

2 अप्रैल को जिला पंचायत का पत्र लेकर लिपिक एफआईआर दर्ज कराने पुलिस थाना डूंडासिवनी पहुंचा था। लेकिन सीईओ द्वारा एफआईआर दर्ज कराने अधिकृत किए गए अधिकारी व विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध ना होने के कारण संबंधित लिपिक को डूंडासिवनी पुलिस ने वापस लौटा दिया था।

थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने बताया कि जिला पंचायत द्वारा अधिकृत व्यक्ति को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया है। सभी दस्तावेज प्राप्त होने पर संबंधित के खिलाफ संबंधित धाराओं एफआईआर दर्ज की जाएगी।

जानकारी के अनुसार पूरा प्रकरण लोकायुक्त कार्यालय भोपाल में दर्ज प्रकरण (क्रमांक 190/ई/2024) से जुड़ा है। लोकायुक्त को शिकायत मिली थी कि वंदना मुड़िया ने अपनी वास्तविक जाति छिपाकर एसटी वर्ग के कोटे से संविदा नौकरी हासिल की है। इसके बाद अक्टूबर 2024 में कलेक्टर के निर्देश पर एक जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया गया था।

कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच दल ने जबलपुर स्थित बाबू मनमोहन दास हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से जानकारी एकत्रित कर दस्तावेज प्राप्त किए। विद्यालय की टीसी व डिस्चार्ज पंजी (पृष्ठ-153) से यह तथ्य पाया गया कि विवाह से पूर्व उनका नाम वंदना कश्यप था और उनकी जाति ''ढीमर'' (अन्य पिछड़ा वर्ग) है। स्वयं मुड़िया ने 12 दिसंबर 2025 को जांच दल के समक्ष अपने बयान में ओबीसी (ढीमर) होने की पुष्टि की थी।

**2008 में कैसे मिली थी नौकरी?**

वर्ष 2008 में आउटसोर्स एजेंसी डी-नोवो के माध्यम से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) में परियोजना अर्थशास्त्रियों की भर्ती की गई थी। एजेंसी ने जारी चयन सूची में वंदना मुड़िया का चयन अनुसूचित जनजाति- महिला (एसटी-महिला) वर्ग में दर्शाया था, इसके आधार पर उन्हें संविदा नियुक्ति दे दी गई थी। जानकारी के अनुसार बीते 18 वर्षों से परियोजना अर्थशास्त्री के पद पर वंदना मुड़िया कार्यरत थी।

एक साल में जांच दल प्रस्तुत कर सका प्रतिवेदन

जानकारी के अनुसार लोकायुक्त कार्यालय भोपाल को जिला पंचायत सिवनी में पदस्थ परियोजना अर्थशास्त्री (संविदा) वंदना मुड़िया के विरूद्ध फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर शासकीय नौकरी प्राप्त करने संबंधी शिकायत की गई थी। इस पर 4 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिला स्तरीय जांच दल गठित किया था। इस पर 17 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय जांच दल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था।

**इनका कहना है**

परियोजना अर्थशास्त्री (संविदा) वंदना मुड़िया द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर शासकीय नौकरी प्राप्त करने संबंधी शिकायत जांच में सही पाई गई हैं। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार परियोजना अर्थशास्त्री की संविदा सेवा समाप्त कर दी गई हैं। पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने पत्र लिखा गया है।

**अंजली शाह, सीईओ जिला पंचायत सिवनी**

# सागौन परिवहन के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 46 नग सागौन के लट्ठे जब्त किए

**जिले में अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 46 नग सागौन के लट्ठे जब्त किए हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 2 व 3 अप्रैल की दरम्यानी रात को वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर एक ट्रक को पकड़ लिया, हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र सहायक व्रत गोपालगंज सिवनी एवं उडन्न दस्ता दल की संयुक्त टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सरसडोल गांव के पास एक टाटा अल्ट्रा लोंग बॉडी ट्रक (क्रमांक एमएच 24 बी डब्लू 8199) को रोककर जांच की गई। ट्रक में सागौन के ल_े भरे पाए गए, जिसे जब्त कर गोपालगंज लाया गया।

वन विभाग द्वारा की गई नापजोख में कुल 46 नग सागौन के ल_े पाए गए, जिनका आयतन 7.952 घन मीटर दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में उपवन क्षेत्रपाल हरवेंद्र सिंह बघेल, कार्यवाहक वनपाल रोहित शुक्ला (बीट प्रभारी सरसडोल), कपिल सनोडिया (बीट प्रभारी खापा), गुरु प्रसाद जंघेला (बीट प्रभारी चांवड़ी), शिवलाल काकोडिया (बीट प्रभारी गोपालगंज), रमेश उइके (उडन्न दस्ता प्रभारी), मुकेश तिवारी सहित उडन्न दस्ता दल के विवेक मिश्रा, भूपेंद्र ठाकुर, विजय मिश्रा, सुगन इनवाती व अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करों में हडक़ंप मच गया है। अधिकारियों ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और मामले की आगे जांच जारी

### पांढुर्णा की शानदार जीत, सिवनी ब्लू 107 पर ढेर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पॉलिटेक्निक ग्राउंड में चल रही इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियन ट्रॉफी 2026 में पांढुर्णा ने सिवनी ब्लू को एकतरफा मुकाबले में हराया। सिवनी ब्लू पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 107 रन पर सिमट गई, जिसमें आदित्य पंजवानी ने 53 रन बनाए। जवाब में पांढुर्णा ने लक्ष्य 14.2 ओवर में हासिल कर लिया। श्रियांश ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (70 रन व 2 विकेट) कर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

बारिश के बावजूद मैच जारी रहा और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। अब 5 अप्रैल को पांढुर्णा और केवलारी सिवनी ब्लू और बडक़ुही के मुकाबले आज होंगें।

# बगैर पाठ्य सामग्री वितरण के कैसे हुआ शाला प्रवेश सत्र आरंभ मुंह ताकते रहे मासूम बच्चे

## बरघाट के अधिकतर विद्यालयों में नही पहुंची पाठ्य सामग्री शासकीय योजना को अर्श से फर्श में लाकर पटका आखिर क्यों गया

जन प्रतिनिधियों और विधायक सहित उनकी झालरों ने बगैर पाठ्य सामग्री के किया मुंह से मनाया शाला प्रवेश उत्सव जबकि 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है शिक्षा का नया सत्र शुरू अब तक पाठ्य सामग्रीयो से वंचित है छात्र छात्राये बरघाट में एक बड़े पाठ्य सामग्री महाघोटाले होने की जताई जा रही है आशंका समूचे ब्लाक बरघाट में किताब घोटाला की सड़ी दुर्गंध फैली शिक्षा के दुश्मन बने बीआरसी दिनेश हनुमंते की भूमिका संदिग्ध

**हरिभूमि राकेश अगरवार। बरघाट।** मध्य प्रदेश सरकार जहां एक ओर सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं के लिए अनेकों योजनाएं संचालित किए हुए हैं परंतु इस योजना का लाभ जमीनी स्तर पर उचित समय में मासूम बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है जिसके दुष्परिणाम स्वरूप शासकीय विद्यालय में अध्यनरत नन्हे छात्र छात्राओ में शिक्षा का विस्तार नही हो पा रहा है जिस वजह से गरीब अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में अपनी गाढ़ी कमाई लुटाने पर मजबूर हैं।

**बिना पाठ्य सामग्री लिए बैरंग लौटे नन्हे छात्र छात्राएं**

ब्लाक बरघाट सहित सिवनी जिले का शिक्षा विभाग सन 2026 का प्रवेश सत्र आरंभ होते ही अपनी भ्रष्ट हरकतों से बाज नहीं आ रहा है जिसका सीधा उदाहरण ब्लाक बरघाट में नजर आया जहां पर नन्हे छात्र छात्राओ की पाठ्य सामग्री बैगर वितरण किए लोभी फोटो जीवी नेताओ और उनकी झलारो के हाथो से प्रवेश सत्र आरंभ कर दिया गया जबकि सरकार की योजना अनुसार पहले पाठ्य सामग्री सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं को वितरण कर प्रवेश उत्सव कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं उसके बावजूद भी सरकारी मुलाजिमों ने अपनी भ्रष्ट कार्य प्रणाली अपनाते हुए बिना पाठ्य सामग्री वितरण किए नन्हे छात्र छात्राओं को बैरंग लौटना पड़ा जिससे अभिभावक अत्यंत अक्रोशित नजर आ रहे हैं।

**सरकारी कुर्सी के खटमल साबित हो रहे शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी**

जब हरिभूमि राकेश अगरवार को इस बात की जानकारी लगी तो पड़ताल में सामने आया की बिना पाठ्य सामग्री वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है तब शिक्षा विभाग के आला अधिकारीयो से संपर्क कर जानकारी चाही तो सभी ने इस मामले में संपूर्ण जानकारी देने से किनारा बनाते नजर आए बरघाट शिक्षा केंद्र के बी आर सी, भ्रम जाल फैलाकर पैसों की ताकत का दंभ भरते हुए अपनी कुर्सी,निचले स्तर से लेकर ऊपर के अधिकारियों तक बरघाट बीआरसी के द्वारा पहुंचाया जाता है आर्थिक लाभ,बड़े-बड़े उच्च अधिकारी राजनेता व मंत्रियों से है इनको संरक्षण,मोटी कमाई से निकल जाती है अलग से दलाल






खोरी मलाई जो ऊपर के उच्च अधिकारियों को खिलाई जाती है, और कुछ मलाई बचने के बाद निचले स्तर के अपने साथ में रखने वाले चमचों को पिलाई जाती है यही मलाई!

**बरघाट विकासखंड में शिक्षा विभाग की मनमानी**

सिवनी जिले के बरघाट विकासखंड जनपद शिक्षा केंद्र में, शिक्षा अधिकारियों की मनमानी मध्य प्रदेश शासन के निर्देश की उड़ा रहे हैं धज्जियां, मध्य प्रदेश शासन के तात्कालिक निर्देश कहते है कि शासन द्वारा पुस्तक वितरण 1 अप्रैल तक कर दे परंतु यहां शिक्षा विभाग के अधिकारी गरीब मजलूम बच्चों के भविष्य के साथ कर रहे हैं खिलवाड़! जनपद शिक्षा केंद्र के पुस्तक प्रभारी ने कहा की शासन की गाइडलाइंस के अनुसार 1 तारीख तक पुस्तक वितरण होना था परंतु अभी तक वितरण नहीं हो पाई है समय के हिसाब से हर एक एक स्कूल में धीरे-धीरे वितरण कर रहे हैं! वही संबंधित अधिकारी D.P.C महेश बघेल जी ने बताय कि शासन के नियम अनुसार 1 तारीख तक पूरी पुस्तक वितरण हो जाना था परंतु इन्होंने क्यों नहीं किया मुझे नहीं पता! वही .B.R.C. बरघाट श्रीमान दिनेश हनुमंते जी 12:00 तक ऑफिस में उपस्थित नहीं और उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने अपना मोबाइल बंद कर घूम रहे हैं शहर! ये है बरघाट विकासखंड के शिक्षा विभाग का हाल!

**आखिर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर किसका है संरक्षण?**

कर रहे हैं बच्चों की किताबों का शोषण,अपने कामों में बरत रहे लापरवाहियां, शासन के नियमों की हो रही है अवहेलना, इन अधिकारियों पर क्या कलेक्टर मैडम करेंगी निगरानियां? क्योंकि यह ले रहे हैं तनखा तो पूरी, कर रहे हैं ड्यूटी आधी अधूरी!

नई शिक्षा सत्र के प्रारंभ होते ही घोटाले की बदबू! अगले अंक में बी आर सी के काले भ्रष्टाचारी , कारनामों का चिट्ठा जरूर पढ़िए, जिसमें किया जा रहा है, छोटे-छोटे बच्चों के विकास कार्यों के लिए आए हुए पैसों का बंटाधार का प्रकाशन ये चुप चाप, अपने आदमियों टीम बनाकर भ्रष्टाचारी षड्यंत्र रचकर,नियत के खोटे ये अधिकारी, शासन को चूना लगाकर, कर रहे हैं मासूमों की मुस्कुराहट के साथ खिलवाड़, बच्चों की किताबों के साथ घोटाले की बू!

### अनुप्रिया कौरव ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सिल्वर मेडल, महाविद्यालय में हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस नेशनल किकबॉक्सिंग लीग 2025-26 का आयोजन 26 से 29 मार्च 2026 तक चेन्नई (तमिलनाडु) में किया गया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सिवनी (मध्य प्रदेश) की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में पीजी कॉलेज सिवनी की एनसीसी कैडेट अनुप्रिया कौरव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अनुप्रिया ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में मात्र एक अंक के अंतर से गोल्ड मेडल से चूक गईं। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें ?10,000 की नगद पुरस्कार राशि (चेक) भी प्रदान की गई।उनकी इस सफलता के सम्मान में महाविद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने कहा कि अनुप्रिया की यह उपलब्धि कई बेटियों के लिए प्रेरणादायक है और यह उनकी 5 वर्षों की कठोर मेहनत का परिणाम है।

# श्रीमद्भागवत शोभायात्रा एवं कथा का भव्य आयोजन 6 अप्रैल से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



शहर में आगामी 6 अप्रैल 2026 से श्रीमद् भागवत शोभायात्रा एवं कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर 3 बजे श्री गणेश मंदिर शंकराचार्य चौक से किया जाएगा।

आयोजन के तहत प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। 11 अप्रैल 2026, शनिवार को शाम 5 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कथा वाचन पं. श्री प्रेमकृष्ण शास्त्री द्वारा किया जाएगा।

यह धार्मिक आयोजन राजश्री पैलेस, सिवनी में आयोजित होगा, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का आयोजन होगा, जिसमें भागवत महात्म्य, विभिन्न अवतारों की कथाएं, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रास पंचाध्यायी, सुदामा चरित्र एवं श्रीमद्भगवद्गीता पाठ सहित पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# अंधे हत्याकांड का आरोपी चढ़ा छपारा पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** फरियादी अशोक पिता कढोरी झारिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम मुंडरई थाना छपारा ने रिपोर्ट किया कि इसकी माँ लली बाई झारिया दिनांक 31.03.2026 को घर से शाम 4.30 बजे ग्राम मुंडरई के चुरकीवारी जंगल मे महुआ बीनने गई थी रात करीबन 7 बजे तक लली बाई झारिया घर वापस नही आयी तो पता तलाश करने पर लली बाई झारिया का शव चुरकीवारी जंगल मे सूखे सागौन के पेड के नीचे चित अवस्था मे पडा हुआ मिला जिसके चेहरे एवं सिर में गंभीर चोट के निशान थे एवं चेहरा खून से लथपथ था थाना छपारा मे मर्ग क्रमांक 16/2026 धारा 194 बीएनएसएसकायम कर जाँच प्रारम्भ की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए छिन्दवाडा से एफएसएल टीम, सिवनी से, फिंगर प्रिन्ट विशेषज्ञ एवं डाग स्काट टीम व्दारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। तो घटना स्थल से कुछ दूरी पर घटना में प्रयुक्त खून से सनी हुई सागौन की लकडी जप्त की गई एवं प्रारम्भिक जाँच पर मृतिका लली बाई की अज्ञात व्यक्ति के व्दारा हत्या करना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 149/2026 धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

यह कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनील कुमार मेहता पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के अज्ञात आरोपी की तलाश कर मामले का निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया। छपारा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मृतिका के परिजनो, ग्रामवासियो एवं मुखबिरो से उक्त घटना घटित होने के कारणो पर चर्चा कर सूक्ष्मता से पूछताछ की गई। जो ग्रामीणो, परिजनो एवं मुखबिरो व्दारा रिश्तेदार महेश कुमार झारिया पर हत्या करने का संदेह होना बताया। दौरान विवेचना के संदेही महेश कुमार झारिया को हिरासत में लेकर सूक्ष्मता से पूछताछ की गई जिसने बताया कि वह शादी के बाद से घर जमाई होकर ग्राम मुंडरई में रह रहा है, मृतिका लली बाई का रिश्ते मे नंदोई भाई लगता है जिसने ढाई एकड जमीन मृतिका लली बाई के परिवार से अपनी पत्नी के हिस्से में ले लिया था इसी बात को लेकर मृतिका लली बाई, आरोपी महेश कुमार झारिया को अक्सर अपशब्द कहकर अपमानित करती थी। घटना दिनांक 31.03.2026 को भी ग्राम मुंडरई के चुरकीवारी जंगल मे आरोपी व्दारा इक_ी की गई जलाऊ लकडी मृतिका व्दारा ले जाने पर दोनो के बीच मे वाद विवाद होने से गुस्से में आकर आरोपी द्वारा वही पडी सागौन की सूखी लकडी से मृतिका लली बाई के सिर एवं चेहरे पर लगातार वार कर मृतिका लली बाई की हत्या कर देना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है एवं आरोपी से घटना के समय पहने हुए कपडे जप्त किए गए है। जिसे दिनांक 03.04.2026 को माननीय न्यायालय रिमांड पर पेश किया जायेगा।

### आपसी संघर्ष से मौत होने का अनुमान, पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति होगी साफ

# वयस्क मादा तेंदुए का मिला शव!

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

वन्य प्राणियों के लिए स्वर्ग माने जाने वाले बालाघाट जिले के वन क्षेत्र से आए दिन वन्य प्राणी बाघ और तेंदुए की प्राकृतिक, आपसी संघर्ष और शिकार से मौत की घटनाएं सामने आ रही है। इन घटनाओं से वन्य प्राणी प्रेमियों में काफी नाराजगी है और वह इन घटनाओं को लेकर काफी चिंतित भी दिखाई देते है। इस बीच आपसी संघर्ष से एक व्यस्क मादा तेंदुए की मौत की एक बड़ी घटना फिर से प्रकाश में आई है। तिरोड़ी तहसील के वन विकास निगम लामटा परियोजना के जंगल में व्यस्क मादा तेंदुए का शव मिला है। जिससे पूरे विभागीय महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शरीर पर गहरे चोट के निशान, जबड़े और अन्य अंगों पर घाव के निशान है जो प्रारंभिक तौर पर आपसी लड़ाई में मादा तेंदुए की मौत होने की तरफ इशारा कर रहे है। तेंदुए का शरीर क्षत-विक्षत होने लगा था। जिससे यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि शव करीब चार दिन पुराना हो सकता है।





शुक्रवार की दोपहर करीब 02 बजे के आस-पास जंगल की नियमित गश्ती करने वाले वन विकास निगम के वनकर्मी ने सादाबोड़ी बीट के कक्ष क्रमांक 782 में चाकाहेटी से सिवनहेटी के बीच जंगल में मादा तेंदुए का शव देखा था। जिसके बाद वनकर्मी ने वरिष्ट अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर उप संभागीय प्रबंधक अनिल क्षत्रिय, वन क्षेत्रपाल लालबर्रा विजय कुमरे, वन क्षेत्रपाल दिनेश रामटेके घटनास्थल पर पहुंचे। वन अमले ने घटनास्थल को रस्सी से फेंसिग कर सील कर दिया था ताकि तेंदूए के शव के पास किसी की भी एंट्री ना हो पाए और घटनास्थल के साक्ष्य प्रभावित ना हो और ना ही साक्ष्य से किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ हो पाए। डिप्टी डीएम के मुताबिक तेंदुए के शव के पूरे अंग पूरी तरह से सुरक्षित है। तेंदुए का शव मिलने की जानकारी मिलते ही वन विकास निगम का अमला हरकत में आया और डॉग स्कावयड की टीम भी मौके पर पहुंची। शनिवार को दोपहर 02 बजे चिकित्सकों की टीम आने के बाद घटनास्थल पर ही तेंदुए के शव का पीएम हुआ। अनुसूची-1 का संरक्षित प्राणी होने की वजह से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के सख्त प्रोटोकॉल के तहत वन विभाग के वरिष्ट अधिकारियों, तिरोड़ी तहसीलदार, ग्राम पंचायत सरपंच की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। बहरहाल, विभाग के डीएम ने प्रथम दृष्टया वन्य प्राणियों के आपसी संघर्ष के दौरान मादा तेंदुए की मौत होने की संभावना जताई गई है। घटनास्थल के आस-पास एक अन्य तेंदुए के भी साक्ष्य मिले है जिससे आपसी संघर्ष की संभावना और प्रबल हो जाती है। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत के सही कारण का पता चलेगा।

गौरतलब हो कि विगत वर्ष वन परिक्षेत्र कटंगी के अलग-अलग हिस्सों में 03 तेंदुए और 02 बाघ की मौत हुई थी। 02 मार्च 2025 को कोड़मी में बाघ का शव मिला था। जिसके गले में तार का फंदा लगने से मौत हुई थी। 11 दिसंबर 2025 को आंजनबिहरी में बाघ का शव मिला था। जिसकी करंट की चपेट में आने से मौत हुई थी और शव का यहां लाकर फेंका गया था। 29 मार्च 2025 को ग्राम नंदोरा में रमेश लक्षणे के खेत में बनी खुली कुएं में गिरने से वन्य प्राणी तेंदुए की मौत हो गई थी। 03 अप्रैल 2025 को बड़पानी में नीलकंट मालेवार के खेत में बनी कुएं में तेंदुए का शव मिला था।

### इनका कहना है

प्रारंभिक तौर पर आपसी संघर्ष से मादा तेंदुए की मौत का अनुमान है। चिकित्सकों की टीम ने पीएम किया है। वहीं प्रोटोकॉल के साथ अंतिम संस्कार किया गया है।पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा।

**आर.के.सोलंकी**
**संभागीय प्रबंधक**
**वन विकास निगम**

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने किया स्कूलों का निरीक्षण, बच्चों को दिया मार्गदर्शन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

"स्कूल चले हम अभियान" के अंतर्गत जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम के तहत जिले के अधिकारियों ने स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

जिले के लगभग 70 विद्यालयों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जहां उन्होंने एक-एक पीरियड लेकर बच्चों से संवाद किया और उन्हें शिक्षा के महत्व, लक्ष्य निर्धारण एवं करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल 2026 को प्रवेश उत्सव के साथ हुई, जिसमें उत्साहपूर्ण वातावरण में नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इसके बाद 2 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एसएमसी (स्कूल प्रबंधन समिति) की बैठक आयोजित की गई। वहीं 4 अप्रैल को "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 5 अप्रैल से नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा अभियान को गंभीरता से लेते हुए सत्र की शुरुआत से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। टीएल (टाइम लिमिट) बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी जिला अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा भी लगातार की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय द्वारा कायदी स्कूल का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा डाइट प्राचार्य द्वारा भटेरा तथा डीपीसी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एमएलबी बालाघाट, शासकीय प्राथमिक शाला रेंगा टोला एवं शासकीय हाई स्कूल जागपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

विकासखंड स्तर पर भी बीआरसीसी, बीईओ एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया और शाला प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यार्थियों को "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

एसएमसी बैठकों में अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें और नियमित उपस्थिति में सहयोग प्रदान करें, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने बच्चों से किया संवाद

**बांटी गईं निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें**

**प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई की महाप्रबंधक सुश्री माया मनीष परते ने जागपुर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने भटेरा एवं श्रम अधिकारी श्री मयंक दीक्षित ने हट्टा में विद्यार्थियों से संवाद किया**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

स्कूल चले हम अभियान" के अंतर्गत कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 04 अप्रैल को जिले की शालाओं में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अलग-अलग शालाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी तथा इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई की महाप्रबंधक सुश्री माया मनीष परते ने जागपुर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने भटेरा एवं श्रम अधिकारी श्री मयंक दीक्षित ने हट्टा में विद्यार्थियों से संवाद किया। अधिकारियों ने बच्चों को अपने लक्ष्य तय करने, नियमित अध्ययन करने तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए अभी से मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से उनके सपनों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। जिले के अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न शालाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। यह अभियान बच्चों को स्कूल से जोड़ने, शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।






## सोनेगांव में फिर शुरू हुई नल-जल योजना, प्रशासन की तत्परता से ग्रामीणों को मिली राहत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोनेगांव में नल-जल योजना बंद होने से उत्पन्न पेयजल संकट को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद 04 अप्रैल से गांव में पुनः नल-जल योजना के माध्यम से जलप्रदाय शुरू कर दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजना ग्राम पंचायत सोनेगांव को हस्तांतरित की जा चुकी है और वर्तमान में इसका संचालन पंचायत द्वारा ही किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा योजना के ऑपरेटर को पिछले दो माह से भुगतान नहीं किए जाने के कारण ऑपरेटर ने नल संचालन बंद कर दिया था, जिससे गांव में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया और सरपंच एवं सचिव को तत्काल ऑपरेटर का भुगतान करने के निर्देश दिए। प्रशासन के निर्देशों के पालन के बाद 04 अप्रैल से योजना को पुनः चालू कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा फिर से मिलने लगी है।

बताया गया है कि ग्रामीणों द्वारा जलकर की राशि जमा नहीं किए जाने के कारण ऑपरेटर को भुगतान नहीं हो पा रहा था। प्रशासन ने इस संबंध में पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। ग्रामीणों ने नल-जल योजना पुनः शुरू होने पर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### एसडीएम व सीएमओ कर रहे आनाकानी, कालोनीवासी हो रहे परेशान

## कलेक्टर न्यायालय के आदेश के 3 माह बाद भी अवंती नगर के कालोनाईजरों पर एफआईआर दर्ज नहीं

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

नगरपालिका परिषद वारासिवनी के वार्ड नम्बर 3 में निर्मित अवैध कालोनी अवंती नगर के रहवासी पिछले कई वर्षो से सुविधाओं के अभाव के कारण बेहद परेशान है। पिछले दो दिनों से आ रही ऑधी तूफान के कारण उनके लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस ऑधी तूफान ने उनके द्वारा बिजली विभाग से लिए गए टी सी कनेक्शन के केबल को धराशायी कर दिया था। जिससे कालोनीवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।




कालोनीवासी कैलाश कटरे, ध्रुव प्रसाद मेश्राम व अन्य लोगों ने बताया कि उनके द्वारा पटवारी पिछोड़े, संदेश मिश्रा, कमलेश नगपुरे, लीलम सलामे आदि से अवंती नगर कालोनी में प्लाट खरीद कर मकान बनाए गए है। प्लॉट बेचने के दौरान उन्होंने सडक़, बिजली, पानी व सभी अन्य सुविधाएँ देने का वादा किया था। लेकिन उनके द्वारा आज तक कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

जिस पर हमारे द्वारा नगरपालिका वारासिवनी, एसडीएम व कलेक्टर बालाघाट को लिखित शिकायत कर सुविधाएँ उपलब्ध करवाने व उन पर कार्यवाही करने की मॉग की गई थी। जिस पर कलेक्टर न्यायालय बालाघाट में इन कालोनाईजरों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। जिस पर कलेक्टर न्यायालय से आदेश भी पारित होने की जानकारी मिली है।

कालोनीवासियों ने बताया कि पिछले दो दिन से ऑधी तूफान के कारण बॉस बल्ली के सहारे लटकी हुई विद्युत केबल जमीन पर गिर पड़ी थी और दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई थी। जिस पर हमारे द्वारा केबल वायर को पुनः बल्लियों के सहारे लटकाया गया है।

कालोनीवासियों ने बताया कि इस मामले को लेकर वह एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल व सीएमओ सूर्यप्रकाश उके से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को बताया। लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार का समाधान निकालने के स्थान पर स्थल निरीक्षण करने की बात कहकर टाल मटोल कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा कलेक्टर बालाघाट को की गई शिकायत के बाद उनके द्वारा इस अवैध कालोनी के मामले में कलेक्टर न्यायालय बालाघाट में बने प्रकरण में 7 जनवरी 26 को आदेश पारित करते हुए कालोनाईजरों/भूमिस्वामियों कमलेश कुमार वल्द भीकमसिंह नगपुरे साकिन लालपुर तहसील वारासिवनी, लीलचंद वल्द चमरा सलामे साकिन टेकाड़ी तहसील लालबर्रा एवं मेसर्स महेश्वर राईस इंडस्ट्रीज के भागीदार नीरज कुमार वल्द इन्द्रकुमार सोनी वार्ड नम्बर 12 वारासिवनी, संदेश वल्द महेश्वर मिश्रा वार्ड नम्बर 4 वारासिवनी तहसील वारासिवनी के खिलाफ पुलिस थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के आदेश सीएमओ वारासिवनी को एसडीएम वारासिवनी के माध्यम से दिए है। इस मामले में एसडीएम वारासिवनी ने 7 फरवरी 26 को सीएमओ वारासिवनी को पत्र लिखकर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के आदेश दिए है। लेकिन कलेक्टर न्यायालय बालाघाट के आदेश को लगभग 3 माह एवं एसडीएम वारासिवनी के आदेश को 2 माह बीतने के बावजूद भी सीएमओ वारासिवनी द्वारा कालोनाईजरों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में कालोनीवासियों द्वारा एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल व सीएमओ सूर्यप्रकाश उके से मुलाकात की गई, लेकिन दोनों ही अधिकारी इस मामले में एक-दूसरे पर कार्यवाही टालते हुए नजर आ रहे है। जिससे हम कालोनीवासी बेहद परेशान है। जब स्थानीय अधिकारी ही अपने उच्चाधिकारियों के आदेश का पालन नहीं करेगे, तो फिर हम किस अधिकारी से न्याय की अपेक्षा कर सकते है?

फिलहाल तो अधिकारियों के रवैये से नगरीय क्षेत्र की अवैध कालोनियों में रहने वाले नागरिकगण सडक़, पेयजल, बिजली, नाली सहित अन्य सुविधाओं के अभाव से बेहद परेशान है और अधिकारियों द्वारा कालोनाईजरों के पक्ष में खड़े हुए दिखाई देने से उनका विश्वास प्रशासन पर से उठता हुआ नजर आ रहा है। अब देखना यह है कि कलेक्टर न्यायालय बालाघाट द्वारा कालोनाईजरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के लिए दिए गए आदेश का पालन एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल आईएएस व सीएमओ सूर्यप्रकाश उके कब तक करते है?

### इनका कहना है

कालोनाईजरों पर एफआईआर के संबंध में एसडीएम साहब से पूछिये। इस संबंध में मै कुछ नहीं कह सकता हूँ।

**सूर्यप्रकाश उके**
**सीएमओ नपा वारासिवनी।**

## मूलभूत सुविधाओं को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के शासकीय कन्या कॉलेज में समस्याओं को लेकर शनिवार दोपहर एबीवीपी ने विरोध प्रदर्शन किया। परिषद की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर और जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल के नेतृत्व में छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई।

प्रदर्शन के बाद प्राचार्य निधि ठाकुर को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देकर 15 दिनों के भीतर निराकरण की चेतावनी दी।

एबीवीपी ने ज्ञापन में छात्रावास का मासिक शुल्क घटाने की मांग की है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर ने बताया कि वर्तमान में छात्रावास का शुल्क लगभग 2500 रुपए प्रतिमाह है, जो बाहर मिलने वाले किराए के कमरों से भी अधिक है। अधिक शुल्क होने के कारण छात्राएं छात्रावास में रहने के बजाय बाहर रहने को मजबूर हैं, जिससे सीटें खाली रह रही हैं। परिषद ने कॉलेज परिसर में बंद पड़ी कैंटीन सुविधा को वापस शुरू करने की मांग उठाई है ताकि छात्राओं को परिसर में ही स्वल्पाहार मिल सके। इसके अलावा, परीक्षा फॉर्म जमा करने, प्रवेश प्रक्रिया और छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों के लिए काउंटर का समय बढ़ाने का आग्रह किया गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि समय कम होने से दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सड़क हादसे में दूसरे घायल की भी मौत

**बालाघाट।** बैहर थाना क्षेत्र के मुक्की रोड पर हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे शख्स बहादुर पिता लामूसिंह धुर्वे (40) ने शनिवार को जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसी हादसे में शुक्रवार को दर्शन पिता जगनसिंह मरकाम (35) की भी मौत हो गई थी। एक अन्य घायल राजेंद्र पुसाम को मामूली चोटें आई हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब लगमा निवासी दर्शन मरकाम और बहादुर धुर्वे मोटरसाइकिल से आ रहे थे और उनकी बाइक एक पेड़ से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल दोनों को पहले बैहर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था।

## सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण व सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कटंगी के ग्राम सीताखोह में मंगलवार को सम्राट अशोक बुद्ध विहार समिति सीताखोह के तत्वावधान में देवनाम प्रिय सम्राट अशोक की जयंती एवं परम पूज्य डा. बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के 100वें वर्षगांठ के अवसर पर सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण व सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता डा. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट ने की। मुख्य अतिथि अधिवक्ता सुरेंद्र बारमाटे प्रदेश महासचिव आल इंडिया समता सैनिक दल रहे। विशेष अतिथि पूज्य भदंत तन्हंकर, पूज्य भदंत शीलपंथ, पूज्य भदंत धम्म घोष, पूज्य भदंत दीपंकर , पूज्य भदंत शरणकर, पूज्य भदंत प्रज्ञानंद, कपिल मेश्राम सभापति नगर परिषद कटंगी, महेंद्र हिरकने तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा कटंगी, संजय शेंडे अध्यक्ष डा. अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी, दलित मेश्राम तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, महेश बोरकर, भोजराज वासनिक, डीडी गजभिए नगर अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ कटंगी विधायक प्रतिनिधि टिवंकल बागमारे मौजूद रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में ऐतिहासिक धम्म भूमि अर्जुननाला कटंगी से पूज्य भदंत तन्हंकर, पूज्य भदंत शिलपंथ, पूज्य भदंत शरणकर, पूज्य भदंत धम्म घोष, पूज्य भदंत प्रघानन्द पूज्य भदंत दीपंकर के द्वारा तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशाल वाहन रैली से ग्राम सीताखोह में प्रवेश किया। बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने ग्राम का भ्रमण कर रैली सम्राट अशोक बुद्ध विहार में कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुई। पूज्य भंते गणों ने त्रिशरण, पंचशील कर धम्म देशना दी। धम्म देशना उपरांत कार्यक्रम स्थल में मंचीय उद्बोधन के प्रारंभ में कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डा. संजय खोबरागड़े, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता सुरेंद्र बारमाटे व अन्य अतिथियों ने धूप दीप जलाकर तथागत बुद्ध एवं बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डा. संजय खोबरागड़े ने कहा कि मौर्य वंश के 10 राजाओं में आठ राजाओं ने बुद्ध धर्म का प्रचार प्रसार किया। देवानंद प्रिया सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में 84000 बौद्ध विहारों का निर्माण किया। आज सम्राट अशोक का कार्यकाल इतिहास में स्वर्ण काल के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम के अंत में महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने के लिए पूज्य भदंत धम्म शिखर के माध्यम से जारी संकल्प पत्र का वाचन संजय शेंडे अध्यक्ष परम पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह कटंगी ने किया।

